# आइआइटी में अनुसंधान, विकास और सुरक्षा प्राथमिकता : निदेशक जोशी

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर के नए निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने सोमवार को पदभार संभाला। रविवार को प्रोफेसर जोशी आइआइटी इंदौर परिसर में पहुंच गए थे और इसी दिन कुछ मुद्दों को लेकर संस्थान के प्रोफेसरों के साथ बातचीत की थी।

सोमवार को कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार ने स्थायी निदेशक प्रो. जोशी को पदभार सौंपा। नवागत निदेशक ने प्रोफेसरों और अधिकारियों से कहा कि संस्थान ने 13 वर्षों में बेहतर प्रदर्शन किया है। अनुसंधान, शिक्षा, वैश्विक उपस्थिति और अन्य सभी क्षेत्रों का पूरा ध्यान रखा। मेरी कोशिश रहेगी कि इन कामों को आगे ले जाएं। संस्थान और समुदाय के विकास के लिए अनुकूल



प्रो. सुहास जोशी। ● सौजन्य संस्थान

वातावरण को बढ़ाया जाएगा। पारंपरिक शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया, अनुसंधान और विकास कार्यों को बढ़ावा देने के साथ हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना रहेगा। मुझे उम्मीद है कि स्थानीय प्रशासन, शिक्षाविदों, अनुसंधान और विकास संस्थान, उद्योग और शहरवासियों का संस्थान को समर्थन मिलता रहेगा।